त्रैमासिक परीक्षा 2024

कक्षा–12

विषय– भूगोल

समय 3 घंटा **पूर्णांक–70**

निर्देश– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 14 से 17 के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(5) प्रश्न क्रमांक 18 के लिए 4 अंक आवंटित है।

(6) प्रश्न क्रमांक 19 व 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(7) आवश्यकतानुसार स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइये।

(8) प्रश्न क्रमांक 5 से 19 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

प्र01. सही विकल्प चुनकर लिखिए– **6**

(1) निम्नलिखित में कौन सा एक लोगों और पर्यावरण के बीच अन्योन्यक्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है ?

(अ) मानव बुद्धिमत्ता (ब) प्रोद्योगिकी

(स) लोगों का अनुभव (द) मानवीय भाईचारा

(2) निम्नलिखित में कौन सा एक विरल जनसंख्या का क्षेत्र नहीं है–

(अ) अटाकामा (ब) दक्षिण पूर्वी एशिया

(स) भूमध्य रेखीय प्रदेश (द) ध्रुवीय प्रदेश

(3) निम्नलिखित में से कौन सा भारत में पुरुष प्रवास का मुख्य कारण है–

(अ) शिक्षा (ब) काम और रोजगार

(स) व्यवसाय (द) विवाह

(4) मानव विकास सूचकांक 2011 के संदर्भ में विश्व के देशों में भारत का कौन सा स्थान है–

(अ) 126 (ब) 129 (स) 128 (द) 134

(5) निम्नलिखित में से कौन सा नगर नदी के तट पर अव्यवस्थित नहीं है–

(अ) आगरा (ब) पटना

(स) भोपाल (द) कोलकाता

(6) निम्नलिखित में से कौन सी एक अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत होता है–

(अ) पूँजीवाद (ब) समाजवाद

(स) मिथित (द) कोई भी नहीं

प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये– **6**

(अ) आदिम समाज भौतिक पर्यावरण को ..... के रूप में धारण करते हैं।

(ब) संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार ..... देशों में लिंगानुपात स्त्रियों के अनुकूल है।

(स) इस्पात व चीन उद्योग ..... के समीप स्थापित होते हैं।

(द) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक नगरीकृत जनसंख्या ..... राज्य में पाई जाती है।

(य) मध्यप्रदेश की पचमढ़ी ..... नगर है।

MPBoardHub

(र) विनिर्माण का शाब्दिक अर्थ ..... है।

प्र03. सही जोड़ियां मिलाइये– **6**

(1) सहकारी कृषि	–	(अ) नार्वे
(2) पंचास	–	(ब) पिट्सबर्ग
(3) मानव विकास सूचकांक में प्रथम	–	(स) अर्जेंटाइना
(4) विश्व में सबसे बड़ा जूट उत्पादक	–	(द) भारत
(5) विश्व का सबसे बड़ा चाय निर्यातक	–	(य) चीन
(6) जंग का कटोरा	–	(र) डेनमार्क

प्र04. एक वाक्य में उत्तर लिखिए– **5**

(1) जनसंख्या वृद्धि दर से क्या आशय है ?

(2) जापान का आयु लिंग पिरामिड किस प्रकार की जनसंख्या को प्रदर्शित करता है ?

(3) वे काम जिनमें उच्च परिमाण और स्तर वाले अन्वेषण सम्मिलित होते है, कहलाते हैं।

(4) कायिक घनत्व क्या है ?

(5) भारतीय डायास्पोरा के अनुसार भारत की कितनी जनसंख्या ने अन्य देशों में उत्प्रवास किया है।

प्र05. सत्य/असत्य बताइए– **5**

(अ) 15वीं शताब्दी के अन्त में यूरोप के देशों ने अन्वेषण का प्रयास शुरू किया।

(ब) वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण व लॉक डाउन के कारण प्रवास की दिशा नगर से ग्राम की ओर रही है।

(स) छोटे पैमाने के उद्योगों में रोजगार के अवसर अधिक होते हैं।

(द) सेन फ्रांसिसको के समीप सिलीकॉन वैली रसायन उद्योग के कारण विश्व प्रसिद्ध है।

(य) भारत मानव विकास सूचकांक क शीर्ष 10 देशों में से एक है।

प्र06. भारत में स्वतंत्रता के बाद से वर्तमान में जनसंख्या घनत्व में क्या बदलाव आया है। **2**

अथवा भारत की श्रमजीवी जनसंख्या के व्यावसायिक संवर्ग बताइए।

प्र07. आमूलवादी (रेडिकल) विचारधारा क्या थी ? **2**

अथवा व्यवहारवादी विचारधारा को समझाइए।

प्र08. प्रवास के किन्हीं दो प्रतिकर्ष कारकों को लिखिए। **2**

अथवा प्रवास के किन्हीं दो अपकर्ष कारकों को लिखिए।

प्र09. जनसंख्या अपघटन से आप क्या समझते हैं ? **2**

अथवा लिंग अनुपात कैसे मापा जाता है ?

प्र010. निवल बोया गया क्षेत्र तथा सकल बोया क्षेत्र में अंतर बताइए। **2**

अथवा शुष्क कृषि तथा आर्द्र कृषि में क्या अंतर है ?

प्र011. भारत के अत्यंत शुष्क एवं उष्ण प्रदेशों में जनसंख्या निम्न क्यों है ? **2**

अथवा भारत के किन राज्यों में विशाल ग्रामीण जनसंख्या है ?

प्र012. ग्रामीण से नगरीय क्षेत्रों में पुरुष प्रवास अधिक क्यों होता है ? **2**

अथवा

ग्रामीण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास करने वाली स्त्रियों की संख्या अधिक क्यों है ?

प्र013. स्थानांतरी कृषि का भविष्य अच्छा नहीं है विवेचना कीजिए। **2**

अथवा बाजारीय सब्जी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही क्यों की जाती है ?

प्र014. चावल रहित गहन निर्वहन कृषि के अंतर्गत किन फसलों की कृषि की जाती है ? **3**

अथवा

ऑस्ट्रेलिया के डाउंस एवं न्यूजीलैण्ड के केंटरबरी में किस प्रकार की कृषि की जाती है।

प्र015. मानव भूगोल के तीन उपक्षेत्रों के नाम लिखिए। **3**

अथवा मानव का प्रकृतिकरण समझाइए।

प्र016. भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए उत्तरदायी कारक व दशाएँ बताइये। **3**

अथवा मिशन स्मार्ट सिटी क्या है ?

प्र017. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक व आर्थिक कारकों का वर्णन कीजिए। **3**

अथवा भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रावस्थाओं का वर्णन कीजिए।

प्र018. मानव भूगोल अन्य सामाजिक विज्ञानों से किस प्रकार संबंधित है। **4**

अथवा

आयु–लिंग पिरामिड क्या होता है ? इसके प्रमुख प्रकार बताइए।

प्र019. दिए गए विश्व मानचित्र में निम्न में से किन्हीं 4 स्थानों को पहचान कर नाम लिखिए– **5**

(1) सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक वाला देश
(2) वाणिज्य पशुधन पालन का प्रमुख क्षेत्र
(3) भूमध्यसागरीय कृषि का क्षेत्र
(4) विश्व का सबसे बड़ा मरूस्थल
(5) दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा देश
(6) उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा देश
(7) रूहर क्षेत्र

प्र020. भारत में मानचित्र में निम्न में से किन्हीं 4 स्थानों को प्रदर्शित कीजिए– **5**

(1) दिल्ली – सर्वाधिक नगरीकृत केन्द्र शासित प्रदेश
(2) मुम्बई – सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर
(3) अरूणाचल प्रदेश– सबसे विरल जनसंख्या वाला राज्य
(4) बिहार – सर्वाधिक जनघनत्व वाला राज्य
(5) भारत का चाय उत्पादक क्षेत्र
(6) भारत का कॉफी उत्पादक क्षेत्र
(7) केरल – भारत का सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक वाला राज्य

MPBoardHub